an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Udaysingrao Gaikwad, Member, 7th to 11th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे महाराष्ट्र के कोल्हापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं से ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य रहे, श्री उदयसिंहराव गायकवाड़ के दुःखद निधन के बारे में सभा को सूचित करना है। योग्य संसदविद् श्री गायकवाड़ याचिका समिति के सदस्य थे। इससे पहले श्री गायकवाड़ 1962 से 1967 तक और 1972 से 1980 तक महाराष्ट्र विधान सभा के भी सदस्य रहे थे। श्री गायकवाड़ एक विद्वान व्यक्ति थे और उन्होंने ट्रॉफिज तथा मेमॉयर्स इन लेजिसलेचर नाम से पुस्तकें भी लिखी थीं।

उन्होंने व्यापक यात्राएं की थीं। वह क्यूबा, दुबई, मिस्र, कुवैत, निकारागुआ, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम जाने वाले भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य भी थे। श्री उदयसिंहराव गायकवाड़ का निधन 84 वर्ष की आयु में 2 दिसम्बर, 2014 को कोल्हापुर में हुआ।

हम श्री उदयसिंहराव गायकवाड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवार को अपनी सांत्वना देते हैं।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कृपया थोड़ी देर खड़ी हो।

11.02 hrs.

The Members then stood in silence for short while.

माननीय अध्यक्ष : सुरेश प्रभु जी सदन को कुछ सूचना देंगे। आज एक रेलवे एक्सीडेंट हुआ है, वह आज वहां जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कहा है कि वह पहले हाउस को सूचना देंगे।

_